कार्यशाला-प्रतिवेदन

दिनांक 12 जनवरी 2024 को वाणिज्य विभाग, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर द्वारा “बैंकिंग प्रणाली एवं बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार” विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे के संत ने की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री बैजनाथ कुमार-प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया-अनूपपुर ,डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय-सहायक प्राध्यापक, उपस्थित रहे. कार्यक्रम के संयोजक डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी एवं सह- संयोजक शाहबाज़ खान रहे.

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातः 11.30 बजे हुआ एवं संचालन डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी ने किया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जे के संत ने अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया.

11.30 बजे से 12.00 बजे तक	स्वागत कार्यक्रम
12.00 बजे से 1.00 बजे तक	वक्ता – श्री बैजनाथ कुमार-प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया-अनूपपुर
1.00 बजे से 1.40 बजे तक	वक्ता- शाहबाज़ खान, सहायक प्राध्यापक- वाणिज्य
1.40 बजे से 2.30 बजे तक	वक्ता- डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी, सहायक प्राध्यापक- वाणिज्य

प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता के रूप में श्री बैजनाथ कुमार-प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया-अनूपपुर रहे जिन्होंने बैंकिंग नियामक संस्थानों के बारे में समझाया.

दुसरे सत्र में शाहबाज़ खान, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)- शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर ने बैंकिंग कार्यप्रणाली विषय पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया.

तीसरे सत्र में डॉ देवेन्द्र सिंह बागरी, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य विभाग)- शासकीय तुलसी महाविद्यालय, ने बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओ और अवसरों के बारे में बताया.

कार्यक्रम के अंत में शाहबाज़ खान ने अतिथियों का आभार प्रस्तुत किया. कार्यशाला का समापन दोपहर 2.30 बजे हुआ. यह कार्यक्रम में शासकीय तुलसी महाविद्यालय, अनूपपुर एवं स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया-अनूपपुर के मध्य हुए समझौता-ज्ञापन के अंतर्गत हुआ.

मीडिया कवरेज

अनूपपुर: विवेकानंद जयंती पर वाणिज्य विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम, दी गई ये जानकारी

Published By Team Prak... — Published On Jan 13, 2024

#बैंकिंग #तुलसी कॉलेज # विवेकानंद जयंती

Share 9 0

- Advertisement -

अनूपपुर। शासकीय तुलसी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 12 /01/ 2024 को स्वामी विवेकानंद जयंती एवम राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर बैंकिंग की कार्य प्रणाली एवम बैंकिंग क्षेत्र में रोजगार पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि श्री बैजनाथ कुमार (प्रबंधक, एसबीआई बैंक ,ब्रांच अनूपपुर) अध्यक्ष डॉ.जे. के.संत, (प्राचार्य, शासकीय तुलसी महाविद्यालय) के रूप में उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रो. डा.गीतेश्वरी पांडे , प्रो. योगेश तिवारी, प्रो.शाहबाज खान एवम प्रो.देवेंद्र सिंह बागरी ने बैंकिंग कार्य प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को बतलाया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के 75 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता प्रदान की । यह कार्यशाला शासकीय तुलसी महाविद्यालय एवम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अनूपपुर के समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संपन्न हुई।

https://prakashmarg.in/2024/01/13/23584/